संक्षिप्त

करंट लगने से कर्मचारी झुलसा

निवाई, (निसं)। वनस्थली मोड़ पर रविवार की सुबह एक ड़ीपी पर काम करते समय करन्ट लग जाने से एफआरटी कर्मचारी झुलसकर घायल हो गया। जिसको उसके साथियों ने राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने घायल की चिंताजनक स्थिति होने पर प्राथमिक उपचार कर उसे जयपुर रेफर कर दिया। राजस्थान विद्युत तकनिकी एफआरटी कर्मचारी एसोसिएशन ने विद्युत विभाग के लाइनमैन सुरेश वर्मा के खिलाफ बिना शटड़ाउन लिए हेल्पर से काम करवाने का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि रविवार को एफआरटी टीम के राजूलाल गुर्जर, जितेन्द्र स्वामी, सतीश स्वामी, मांगीलाल जैन, सोनू सैनी व शंकर मीणा बनस्थली मोड़ पर स्थित चौहान एन्क्लेव सर्वोदय कांटा के पास ड़ीपी पर सुबह काम करने गए थे। ड़ीपी पर कार्य करने को लेकर टीम ने लाइनमैन सुरेश वर्मा को मौके पर शटड़ाउन करने के लिए कहा परन्तु सुरेश वर्मा ने शटड़ाउन नहीं लिया और कर्मचारी सतीश स्वामी व मांगीलाल जैन को ड़ीपी चैक करने के लिए कहा। ड़ीपी की जांच के दौरान हेल्पर मांगीलाल जैन बिजली के तेज करन्ट से झुलस गया। जिसके बाद लाईन के शटड़ाउन के लिए जीएसएस कर्मचारियों को अर्जेन्ट कॉल किया। लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। मौके से एफआरटी टीम कार्मिक शंकर मीणा गाड़ी लेकर जीएसएस पर पहुंचे और लाईन को शटड़ाउन करवाया। इसके बाद घायल हेल्पर को ईलाज हेतु सीएचसी लेकर आये। जहां पर उसकी चिंताजनक स्थिति होने उसे जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर कल

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के सौजन्य से प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर आयोजित किया जाने वाला निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर इस माह 30 अप्रैल मंगलवार को सुबह 10 से 12 बजे तक ड़ा.महेंद्र प्रताप तिवाड़ी हॉस्पिटल स्टेशन रोड़ श्रीमाधोपुर के बरामदे में आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी सेवानिवृत वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में शुगर, ब्लड़ प्रेसर की जांच निःशुल्क की जाएगी साथ ही वजन निःशुल्क तौलने की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध रहेगी। शिविर में ड़ा. महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सुविधा भी देंगे। क्लब अध्यक्ष सैनी ने श्रीमाधोपुर और आसपास के निवासियों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

पोस्टर का विमोचन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर विप्र वंश प्रणेता भगवान् श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए रविवार को गणेश मंदिर में पोस्टर का विमोचन किया गया। जन्मोत्सव समिति के राजेंद्र शर्मा एड़वोकेट ने बताया कि इसके साथ ही सिमारला, ढाबावाली, कोटड़ी, हरदाकावाली ढाणी, कंचनपुर में जन संपर्क भी किया गया, जिसमें ब्राह्मणों से आव्हान किया गया है कि जन्म महोत्सव कार्यक्रम में अधिकाधिक महिला, पुरुष उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनायें। कार्यक्रम में नंदकिशोर बोहरा, कैलाश चंद्र सारस्वत, माणकचंद तिवाड़ी, विशाल बोहरा, पार्षद उमेश चूलेट, अजय मिश्रा, ओमप्रकाश पचौरी, दीपक चोटिया भोजपुर, मामराज बांठोलिया, जितेन्द्र पारीक, हेमकांत भातरा समेत गांवों के विप्र समाज के लोग मौजूद थे।

पंजीकृत जोड़ों की समीक्षा की गई

मालपुरा, (निसं)। जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक नैनूलाल भारी खैलनिया की अध्यक्षता में रविवार को जाट धर्मशाला ड़िग्गी में आयोजित की गई।प्रवक्ता मुकेश खादवाल ने बताया कि बैठक में आगामी 21वां विवाह सम्मेलन के लिए आज दिनांक तक पंजीकृत हुए जोड़ों की समीक्षा की गई। आवश्यक व्यवस्थाओं के टेंड़र दिए गए, सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समितियों का गठन किया गया। बैठक में संयोजक रामलाल बगड़िया, पूर्व अध्यक्ष कुंभाराम चौधरी,पूर्व अध्यक्ष जगदीश टांड़ी,पूर्व अध्यक्ष जय नारायण दहिया, गिरिराज ड़ाबला पूर्व अध्यक्ष, सत्यनारायण चौधरी धर्मशाला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उम्मेद दगोलिया, हनुमान पराना, रामकिशन मुड़वड़िया, श्रीलाल सांड़िवाल, चौथमल नागा महामंत्री, रामकरण बुगालिया कोषाध्यक्ष सहित गणमान्य समाज प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

दवा बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, दो घंटे में पाया काबू

- खेतों में काम आने वाली कीटनाशक दवा फैक्ट्री में बनती है
- 150 से 200 श्रमिक ड्यूटी पर काम कर रहे थे, 24 घंटे अलग-अलग शिफ्ट में रहते हैं श्रमिक
- आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं

आग तेजी से धधक-धधक कर उठने लगी तो आसपास रह रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई।

भिवाड़ी/किशनगढ़बास, (निसं)। भिवाड़ी के चोपानकी औद्योगिक क्षेत्र में दवाई बनाने वाली इंसेक्टिसाइड़ इंड़िया प्राइवेट लिमिटेड़ फैक्ट्री में रविवार दोपहर 11:30 बजे अचानक से आग लग गई। आग तेजी से धधक-धधक कर उठने लगी तो आसपास रह रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही आग बुझाने के लिए पुलिस और दमकल वाहन पहुंची और कंपनी मैनेजमेंट के लोगों को सूचना दी। करीब 2 घंटे की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री में 150 सौ से 200 श्रमिक काम कर रहे थे। रीको फायर कर्मचारी व फैक्ट्री कर्मचारी ने बताया है कि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

आग प्लांट के एक हिस्से में लगी बताई जो थोड़ी ही देर में ही दूर तक फैल गई। फैक्ट्री में करीब 150 से 200 श्रमिक काम कर रहे थे। कंपनी एग्रीकल्चर कीटनाशक दवाई बनाती है और 24 घंटे श्रमिक काम करते हैं। आग लगते ही काम कर रहे श्रमिक बाहर निकल आए वही कंपनी में लगे सिस्टम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

आग को बेकाबू होता देख रीको फायर स्टेशन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी वाहन लेकर आग बुझाने के लिए पहुंचे तब तक आग तेजी पकड़ चुकी थी। करीब 18 से 20 फायर गाड़ियों की मदद से 2 घंटे की रीको फायर कर्मचारी एवं कंपनी श्रमिकों सहित सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। बताया कि दवाई बनाने की कंपनी के नजदीकी केमिकल से भरे टैंक रखे हुए थे।

श्रमिकों का मानना था कि अगर समय रहते हुए आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नजदीक रखे केमिकल के टैंकों तक पहुंचने से बड़ा हादसा हो सकता था। रीको फायर कर्मचारियों की कड़ी मस्क्कत से आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा होने से टल गया। फैक्ट्री व रीको फायर कर्मचारियों ने बताया कि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

सुरक्षा दीवार की जांच करवाने की मांग

टोंक, (निसं)। उपवन संरक्षक के अधीन उनियारा वन रेंज क्षेत्र भोजपुरा नाका झालरा, फुलेता में वन रेंजर जोगेंद्र सिंह शेखावत व फॉरेस्टर रमेश ताखर ने ठेकेदार से साठ-गांठ कर 1 किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार ड़स्ट मिट्टी से बना दी। ग्रामीणों ने बताया की भोजपुरा वन नाका क्षेत्र में करीब 30 लाख की लागत से वन सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया गया है, जिसमें बजरी की जगह पत्थर के ड़स्ट का उपयोग किया गया व वन क्षेत्र से ही बिना रवन्ना के पत्थर लगाकर पहाड़ीयों को नष्ट कर दिया गया। जिसके चलते विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार से बड़ी साठ-गांठ कर चांदी कूट ली।

इस संबंध में फोरेस्टर रमेश ताखर भोजपुरा से बात की गई तो वे कभी बजरी तो कभी ड़स्ट से दीवार निर्माण होना कहते नजर आयें। ग्रामीणों ने वन मंत्री संजय शर्मा व मुख्य वन संरक्षक (होप) जयपुर से दीवार की जांच क्वालिटी कंट्रोल बोर्ड से करवाया जाने की मांग की है। ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सकें।

विभिन्न स्थानों पर लगी आग से लाखों का नुकसान

शाहपुरा में दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

शाहपुरा, (निसं)। शाहपुरा सब्जी मंडी में रविवार को ट्रान्सफार्मर अचानक से तेज धुँआ के साथ जलने लगा जिससे आग लग गई। आग की सूचना पर शाहपुरा नगरपालिका की दमकल मौके पर पहुँची। मौके पर बिजली विभाग की टीम भी पहुँची।

इस दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद करके दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया। दूसरी आगजनी की घटना मनोहरपुर के निकट नेशनल हाइवे -148 दौसा रोड पर चलते ट्रक में आग लग गई जिससे केबिन जलकर खाक हो गया। ड्राइवर ने आग लगते ही गाडी से कूदकर जान बचाई। आसपास के लोगों ने आग की सूचना फायर स्टेशन को दी। सूचना पर दमकल मौके पर पहुँची लेकिन जब तक दमकल पहुँची तब तक आग से केबिन जलकर राख हो गया। दमकलकर्मियों ने काफी मक्क्शत करते हुए आग पर काबू पाया। आग की तीसरी घटना त्रिवेणी चौकी के पास हुई। त्रिवेणी चौकी के सामने वन विभाग क्षेत्र में आग लग गई। आग से चारों तरफ धुँआ ही धुँआ और आग की लपटें उठने लगी। आग की सूचना पर दमकल मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाया। शाहपुरा अग्निशमन प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि त्रिवेणी चौकी के पास से आग की सूचना आई थी मौके पर दमकल भिजवाकर आग पर काबू पाया गया। इसी प्रकार आग की चौथी घटना शाहपुरा के पास भाभरू क्षेत्र के लुहाकना कलाँ गाँव में घटित हुई। यहाँ पर लगभग 100 बीघा से अधिक चारागाह भूमि पर आग लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाया जा रहा है। यहाँ पर हवा के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा रहा है। भाभरू पुलिस भी मौके पर पहुँची। पानी-रेत से आग पर काबू पाने के प्रयास जारी है। शाहपुरा पालिका अग्निशमन प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि भाभरू के नजदीक आग लगने की सूचना आई थी मौके पर जमीन ऊबड खाबड होने से दमकल आग के हर जगह तक नहीं पहुँच पा रही है।

फुटबॉल मैच में टोंक ने सवाईमाधोपुर को 7-0 से हराया

- क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर की 9 टीमों के 134 खिलाड़ी ने लिया भाग

खैरथल जवाहर नवोदय विद्यालय में संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

खैरथल, (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालयों की संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में जनवि टोंक ने जनवि सवाईमाधोपुर की टीम को 7-0 से पराजित किया।

खैरथल के जवाहर नवोदय विद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड़ में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि राजकीय सेटेलाइट अस्पताल के पीएमओ ड़ॉ नितिन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य के.के. जोशी ने की। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर की 9 टीमें हिस्सा ले रही है।

रविवार को हुए अन्य मैचों में जनवि हनुमानगढ ने अंबाला को 2-1 से, नागौर ने चित्तौड़गढ को 3-0 से और मेजबान जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल ने मुंगेशपुर को 2-1 से हराया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग 15 एवं बालक वर्ग 17 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं दोनों वर्गों में कुल 134 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय उपप्राचार्य पी सी कानव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन पीजीटी अंग्रेजी सुषमा यादव ने किया। निर्णायक मंड़ल में जिले के राजकीय विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों को नियुक्त किया गया जिनमें दयाशंकर, पवन कुमार, रामसिंह, चन्दगी राम और हनुमान प्रसाद रहे।

41 फीट ऊंची मानस्तम्भ की प्रतिमाओं का किया अभिषेक

- आचार्य धर्म सागर महाराज का समाधि दिवस 2 मई को

निवाई, (निसं)। परम पूज्य आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी के सानिध्य में रविवार को जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के पदाधिकारी नसियां जैन मंदिर के विशाल मानस्तम्भ पर विराजमान जिन प्रतिमाओं के अभिषेक एवं शांतिधारा की। ग्रुप के सचिव विमल जौंला ने बताया कि सोशल ग्रुप प्रज्ञा के सदस्यों ने मानस्तम्भ पर विराजमान चारों दिशाओं में जिन प्रतिमाओं के अभिषेक किया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं का अभिषेक करने के लिए तांता लगा रहता है।

उन्होंने बताया कि 41 फीट ऊंचे मानस्तम्भ पर वर्षो बाद जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, कोषाध्यक्ष हितेश छाबड़ा, राकेश संघी, विमल सोगानी, मुकेश बनेठा, महावीरप्रसाद छाबड़ा, नरेश बड़ागांव, पवन सांवलिया, त्रिलोक रजवास, ताराचंद गोयल, राजेन्द्र सेदरिया, दिनेश चंवरिया, नरेश हथौना, शकुंतला छाबड़ा, सुनीता बड़ागांव, हेमा बनेठा व अनिता गोयल सहित कई श्रद्धालुओं को अभिषेक करने एवं देखने का मौका मिला। आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी संध के चेत्यालय में भगवान शांतिनाथजी के अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा करने का सौभाग्य विमल जौंला को मौका मिला। कार्यक्रम के दौरान आर्यिका माताजी ने सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

उन्होंने बताया कि आचार्य धर्म सागर महाराज का समाधि दिवस 2 मई को सन्त निवास पर धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बलाई समाज विकास परिषद की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की कार्यकारिणी की बैठक परिषद के अध्यक्ष पांचू लाल बरवड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित बलाई समाज की धर्मशाला एवं परिषद कार्यालय पर बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की कार्यकारिणी की बैठक परिषद के अध्यक्ष पांचू लाल बरवड की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

उपरोक्त जानकारी देते हुए महामंत्री राम प्रसाद नारनौलिया ने बताया कि बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष कालूराम पोरवाल ने कार्यकारिणी के कार्यकाल का लेखा जोखा पेश किया। जिसका सभी ने सर्वसम्मती से अनुमोदन किया। इसके अलावा वहीं बैठक में कार्यकाल पूरा होने पर परिषद के चुनाव आगामी 26 मई को कराने का निर्णय लिया गया साथ ही चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। इसके साथ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सदस्य बनाने का उत्तरदायित्व मोती लाल वर्मा, कालूराम पोरवाल, कन्हैया लाल वर्मा को दिया गया। जबकि मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट भाग चन्द सांभरिया को बनाया गया है। वहीं बैठक के दौरान समाज के लोगों को जानकारी दी गई कि 20, 21 व 22 मई को प्रातः10 बजे से 5 बजे सांय तक परिषद कार्यालय पर द्विवार्षिक कार्यकाल के लिए समाज के व्यक्ति सदस्य बन सकेंगे।

आगे बताया कि सदस्य बनने वाला व्यक्ति 500 रूपये जमा कराकर रसीद प्राप्त करने पर ही चुनाव लडने का व मतदान करने का अधिकारी होगा। इसी क्रम में आगे बताया कि 24 मई को प्रातः10 बजे मतदाता सूची का प्रकाशन व 25 मई को चुनाव लडने वालों के आवेदन 10 बजे प्रातः से 1 बजे तक, 2 से 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 4 बजे चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची चस्पा की जाएगी। इस अवसर पर रामेश्वर लाल वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, तारा चन्द, कैलाश चन्द, नरेन्द्र पंवार, मंगल चन्द, राकेश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सार-समाचार

दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

पावटा, (निसं)। ग्रामीण क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता बढाने के लिए विराटनगर कस्बे में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन कस्बे के सीनियर सैकेंड़री स्कूल में सामाजिक संस्था भागता भारत टीम विराटनगर द्वारा किया गया। पूर्व सैनिक जयसिंह धानका ने बताया कि बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रवीना प्रजापत तथा दूसरे स्थान पर निशा सैनी और तीसरे स्थान पर मोनिका शर्मा रही। बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर उमेश सैनी, दूसरे स्थान पर गिरिराज सैनी तथा तीसरे स्थान पर संदीप सैनी विजेता रहे। विजेताओं को गोल्ड़, सिल्वर और ब्राउन मेड़ल देकर सम्मानित किया तथा टी-शर्ट और अन्य उपहार देकर विजेताओं का मनोबल बढाया। इस दौरान कोच शीशराम गुर्जर, योगेंद्र पीटीआई, हीरालाल गुर्जर, हेमराज सैनी, सीमा सैनी, पूर्व सैनिक जयसिंह धानका सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम पंचायत नारेहडा में बीडीओ राजकुमार बांयला के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त विकास अधिकारी रूपेन्द्र आर्य, सरपंच रंजू तंवर, अशोक सिंह तंवर, वीडीओ प्रकाश चंद गुर्जर, कनिष्ठ सहायक सुरेश कुमार, सुरजन कुमार मीणा, रमेश चन्द मीणा, सेडूराम, छोटेलाल सामरिया, ग्यारसी लाल शर्मा, पवनसिंह तंवर, संजय कुमार शर्मा, रामेश्वर सैनी, बर्फी देवी, मक्खन लाल, संतोष कुमार आर्य, रेखा देवी मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

नगेंद्र, सुमित व पवन बने रक्तमणि

कोटपूतली, (निसं)। जनसेवक भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर मानवता की सेवार्थ चल रहे सतत रक्तदान का कार्यक्रम रक्तमणि अभियान लगातार जारी है। रक्तमणि अभियान में प्रतिदिन एक या आवश्यकता पडने पर एक से अधिक युवक युवतियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया जाता है तथा रक्तदाता के प्रति सम्मान प्रकट करते हेतु उसे रक्तमणि का नाम प्रदान किया जाता है। रक्तमणि की इस यात्रा में हजारों यूनिट रक्त एकत्र हुआ। जिससे पीड़ित असहाय एवं जरूरतमंद मरीजों को मदद मिल रही है। रविवार को राजकीय बीडीएम ब्लड बैंक कोटपूतली में नागेंद्र सिंह तंवर पुत्र मालसिंह तंवर निवासी ग्राम ढाढा सुदरपुरा, सुमित सोनी पुत्र सिकंदर कुमार सोनी निवासी कोटपूतली व पवन सिंघल पुत्र पीताम्बर सिंघल निवासी सुन्दरपुरा ने स्वैच्छिक रक्त्दान किया। इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल, युवा नेता दयाराम कुमावत व विक्रम कुमावत उपस्थित रहे।

ओवरलोडिंग व भारी वाहनों की नो एंट्री पर विधायक को ज्ञापन

कोटपूतली, (निसं)। डाबला रोड पर ओवरलोडिंग व भारी वाहनों की नो एन्ट्री को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में खनन ग्रस्त संघर्ष समिति के लोगों ने रविवार को विधायक हँसराज पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि डाबला रोड पर 53 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया था तथा 78 घण्टे अन्न त्याग (अनशन) के बाद प्रशासन व परिवहन विभाग ने धरनार्थियों से 17 सितम्बर 2023 को लिखित समझौता किया था। जिसमें एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाकर 10 दिनो में नो-एंट्री लागू करने का लिखित समझौता किया था। ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर नियमित कार्यवाही तथा कस्बे में ओवरलोडिंग वाहनों का प्रवेश निषेध, नारेहडा में पेचवर्क, चोटियां तक नियमित पानी का छिडकाव आदि समझौते के बाद ज्यूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया गया था लेकिन आज तक समझौते के अनुसार कार्यवाही नहीं की गई है। डाबला रोड पर ओवरलोडिंग वाहनों से आये दिन दुर्घटनायें हो रही है। इस दौरान रंगलाल महाराज, कैलाश यादव, सतपाल यादव, कम्पाउन्डर हरभगत, रामनिवास सुरेलिया सहित अन्य मौजूद रहे।

परशुराम जयंती मनाने की तैयारी पर चर्चा

दूदू, (निसं)। दूदू जिला मुख्यालय पर स्थित गणेश मंदिर में ब्राह्मण समाज दूंदू के अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 10 मई को परशुराम जयंती मनाने की तैयारी पर चर्चा की गई।

महामंत्री ओम शंकर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा रघुनाथ मंदिर से निकाली जाएगी जो भोजपुर रोड़ स्थित महर्षि दधीचि विकास संस्थान परिसर तक पहुंचेगी। संस्थान परिसर में समारोह आयोजित किया जाकर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं वृद्ध जनों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में बजरंग दल जोशी मोहनलाल शर्मा दीनदयाल शर्मा देवकीनंदन अमित जोशी सूर्य प्रकाश दाधीच सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

निवाई, (निसं)। स्थानीय बड़ी के मंदिर में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से परशुराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर पं. रामफूल शर्मा को मनोनीत किया गया एवं समिति के संयोजक रामजी पंड़ा व कोषाध्यक्ष के पद पर हेमराज शर्मा को मनोनीत किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज के लोगों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त अध्यक्ष पं.रामफूल शर्मा ने बताया कि परशुराम जंयती पर कई धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा अर्चना की की जाएगी। उन्होंने बताया कि राधादामोदर के मंदिर से वैदिक आचार्यों के सानिध्य में भगवान परशुराम, ध्वज एवं फरसा का पूजन करके विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बैंड़ बाजे के साथ रवाना होगी। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया जाएगा। जगह जगह पर शीतलपेय व फल वितरित किए जाएंगे। शोभायात्रा का जुलूस राधा दामोदरजी के कुंड़ से रवाना होकर गणगौरी बाजार, बिलाला मार्केट, बड़ा बाजार, पटेल रोड़, बस स्टैंड़, अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड़, जाट धर्मशाला व परमहंस आश्रम होते हुए जैन पैराड़ाईज भवन पहुंचेगा। जहां पर भगवान परशुराम की सामूहिक पूजा अर्चना कर महाआरती की जाएगी। बैठक में राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा पेट्रोलपंप, तहसील अध्यक्ष रमेशचन्द शर्मा अलियाबाद, सर्वेश द्विवेदी, रामनिवास शर्मा, जगमोहन गौत्तम, रमाकांत शर्मा, मनीष केसोट, सत्यनारायण पंचोली, शंकरलाल संग्रामपुरा, राजेश भटट, रमाकांत शर्मा, लक्ष्मीचन्द शर्मा, मनीष शर्मा, एड़वोकेट अनुराग शर्मा, रामबाबू शर्मा, सुरेश महाराजपुरा, रामप्रसाद शर्मा, बद्री चैनपुरा, विनोद तिवाड़ी, देवेन्द्र शर्मा, खेमराज तिवाड़ी व निलेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।